# Govt. E.V. Post Graduate College Korba, C.G.

**Contact No. - 07759- 221458, email: gevpg1981@gmail.com, www.gevpgkrb.ac.in AISHE CODE- C-22398**

Republic day camps (RDC) Annual Republic Day Camp. The Annual Republic Day Camp (RDC) is held at Garrison Parade Ground, Delhi Cant every year. From 01 Jan to 31 Jan. 2019 Manisha Kaushik NSS student of our college attend the camp.

भारत सरकार
Government of India
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
Ministry of Youth Affairs & Sports

प्रमाण पत्र
Certificate

प्रमाणित किया जाता है/*Certified that*

श्री/कुमारी/*Mr./Ms.* MANISHA KAUSHIK

सुपुत्र/सुपुत्री/*Son/Daughter of* MAHENDRA KAUSHIK

रा.से.यो. स्वयंसेवक
*N.S.S. Volunteer of* GOVT. E.V.P.G. COLLEGE KORBA, KORBA

राज्य/संघ/*State/UT* CHHATTISGARH ने 1 से 31 जनवरी 2019 तक राष्ट्रीय सेवा योजना गणतंत्र दिवस परेड शिविर, नई दिल्ली में सराहनीय रूप से भाग लिया। *has commendably participated in* ***N.S.S. Republic Day Parade Camp, New Delhi** from 1st to 31st January, 2019.*

वीरेन्द्र मिश्रा / Veerendra Mishra
निदेशक, एन.एस.एस. / Director, N.S.S.

सैमुअल चेलैया / Samuel Chelliah
शिविर निदेशक/Camp Director

PRINCIPAL,
GOVT. ENGINEER VISHWESARRAIYA
P. G. COLLEGE, KORBA (C. G.)


GOVT. E.V.P.G. COLLEGE KORBA













PRINCIPAL,
GOVT. ENGINEER VISHWESARRAIYA
P. G. COLLEGE, KORBA (C. G.)

GOVT. E.V.P.G. COLLEGE ★ KORBA ★


















PRINCIPAL,
GOVT. ENGINEER VISHWESARRAIYA
P. G. COLLEGE, KORBA (C. G.)

GOVT. E.V.P.G. COLLEGE ★ KORBA ★

















**PRINCIPAL,**
GOVT. ENGINEER VISHWESARRAIYA
P. G. COLLEGE, KORBA (C. G.)

GOVT. E.V.P.G. COLLEGE KORBA

# तीनों विंग के साथ राजपथ में तिरंगे को सलामी देगी दर्जी की होनहार बेटी



मनीषा कौशिक ।

**कोरबा। नईदुनिया प्रतिनिधि**

मुश्किलों में भी अपने हुनर, हिम्मत और मेहनत के बूते मनीषा ने वह कर दिखाया, जो नाजों में पले-बढ़े युवा भी न कर सकें। वह राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई से राजपथ परेड में राज्य का प्रतिनिधित्व करने चुनी गई। शनिवार की सुबह वह दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड के राष्ट्रीय समारोह में राजपथ पर 27 मिनट की मार्चपास्ट का हिस्सा बनेगी। इस दौरान वह लालकिले के प्राचीर में लहराते तिरंगे को सलामी भी देगी। मनीषा के पिता दर्जी हैं और अपने इस व्यवसाय से किसी तरह परिवार का गुजर-बसर करते हैं। बेटी की इस सफलता ने आज गर्व और खुशी की जो अनुभूति उन्हें दी है, वह अमूल्य है।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली में शनिवार को आयोजित होने जा रहे गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य समारोह में कोरबा की होनहार बेटी मनीषा भी नजर आएगी। वह 26 जनवरी को जल-थल-वायु समेत सेना के तीनों विंग, देशभर से आए बहादुर बच्चों के साथ राजपथ परेड का हिस्सा बनेगी व राष्ट्रध्वज को सलामी देगी। मनीषा शासकीय इंजीनियर विश्वेसरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की महिला इकाई की स्वयंसेविका व बीए तृतीय वर्ष की छात्रा है। वह राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई से राजपथ परेड में राज्य का प्रतिनिधित्व करने चुनी गई थी।

राजपथ पर पहुंचने वाले देशभर के 148 छात्र-छात्राओं में उन्होंने अपनी जगह बनाई। इस परेड में शामिल होने तीनों सेनाओं, पुलिस, केंद्रीय व रिजर्व बल, बीएसएफ व अर्धसैनिक बलों सहित कॉलेज में संचालित राष्ट्रीय कैडेट कोर्प व राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों को मौका दिया जाता है। वह राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की ओर से छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए राजपथ पर परेड प्रदर्शन करेगी।

**इकाई की पहली छात्रा स्वयंसेवक :** ऊंची कद-काठी, मार्चपास्ट व सांस्कृतिक गतिविधियों जैसे नृत्य, संगीत व वाद्य यंत्रों में निपुण कॉलेज छात्रों को इस परेड के लिए चुना जाता है। इससे पूर्व एनसीसी व एनएसएस दोनों क्षेत्रों के छात्रों को विभिन्न शिविरों के दौरान कड़ी प्रतियोगिता से गुजरना होता है। वह शासकीय ईवीपीजी महाविद्यालय की एनएसएस महिला इकाई की प्रथम छात्रा है, जिसका चयन गणतंत्र दिवस परेड शिविर नई दिल्ली के लिए हुआ है। उसकी उपलब्धि कोरबा, छत्तीसगढ़, कॉलेज परिवार के लिए भी गौरव की बात है। यहां तक पहुंचाने में उसके लिए माता-पिता, कॉलेज प्रबंधन व प्राचार्य डॉ. आरके सक्सेना का प्रोत्साहन, सीनियर छात्रा ममता देवांगन का मार्गदर्शन अहम रहा।

**शाही दावत का बनेगी हिस्सा :** मनीषा इंडस्ट्रियल एरिया में रहने वाले महेंद्र कौशिक व कुंती कौशिक की होनहार



सिलाई मशीन में बैठे अपने पिता के साथ मनीषा ।

## रांची जोन में श्रेष्ठ परेड प्रदर्शन

इससे पूर्व मनीषा का चयन अक्टूबर में रांची में आयोजित प्री आरडीसी के माध्यम से राष्ट्रीय समारोह में शामिल होने के लिए किया गया था। उनका परेड प्रदर्शन रांची जोन में सर्वश्रेष्ठ रहा, साथ ही छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भी वह अव्वल रहीं। गणतंत्र दिवस परेड के बाद उन्हें राष्ट्रपति भवन में होने वाले शाही दावत में शामिल होकर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उपराष्ट्रपति के साथ डिनर करने और उनसे रूबरू होकर उन्हें सुनने का मौका मिलेगा। एक अंतराल के बाद एक बार फिर जिले को यह गौरव प्राप्त होगा, जब कोरबा का विद्यार्थी दिल्ली में गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय परेड समारोह का हिस्सा बनने जा रहा है।

पुत्री है। शासकीय पीजी कॉलेज में वह बीए तृतीय वर्ष की छात्रा है। कई चरण की कड़ी प्रतिस्पर्धा से गुजरकर उसने खुद को साबित किया। रांची जोन में मनीषा का परेड प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य व सामान्य ज्ञान स्पर्धा में भी वह अव्वल रहीं। परेड के बाद उन्हें राष्ट्रपति भवन के शाही दावत में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उपराष्ट्रपति के साथ राजभोज व उनसे रूबरू होकर उन्हें सुनने का मौका मिलेगा।

PRINCIPAL,
GOVT. ENGINEER VISHWESARRAIYA
P. G. COLLEGE, KORBA (C. G.)

GOVT. E.V.P.G. COLLEGE ★ KORBA ★